संख्या-392/अरसठ-4-2026

प्रेषक,

यतीन्द्र कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- निदेशक,
एस0सी0ई0आर0टी0,
उ0प्र0 लखनऊ ।

2- सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0 प्रयागराज ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 29 मई, 2026

विषय- डी०एल०एड० (D.El.ed) प्रशिक्षण-2026 ऑनलाइन आवेदन, काउंसलिंग एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 प्रयागराज के पत्र संख्या-गोप/डी0एल0एड0-26/1926-29/2026-27 दिनांक 15-05-2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डी०एल०एड० (D.El.ed) प्रशिक्षण-2026 ऑनलाइन आवेदन, काउंसलिंग एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय-सारिणी जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि शासनादेश संख्या-1169/अरसठ-4-2025-2067/2013 दिनांक 12-11-2025 द्वारा डी०एल०एड० (D.El.ed) प्रशिक्षण 2025 एवं प्रशिक्षण सत्रों में ऑनलाईन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त शासनादेश दिनांक 12-11-2026 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में डी०एल०एड० (D.El.ed) प्रशिक्षण 2026 की चयन/प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

3- डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2026 चयन/प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारिणी निम्नवत है :-

1	सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा आनलाईन आवेदन हेतु एकीकृत रूप से विज्ञापन प्रकाशित कराना	दिनांक 10 जून, 2026
2	आनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ करने/आवेदन शुल्क जमा करने की प्रारम्भ तिथि	दिनांक 15 जून, 2026 (अपरान्ह से)
3	आनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 08 जुलाई, 2026
4	आनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 09 जुलाई, 2026
5	ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	दिनांक 11 जुलाई, 2026
6	आवेदकों के मेरिट के आधार पर स्टेट रैंक प्रकाशन की तिथि	दिनांक 16 जुलाई, 2026
7	अभ्यर्थियों के वर्गवार/श्रेणीवार मेरिट के क्रम में राजकीय एवं निजी संस्थानों में आवंटित सीटों के सापेक्ष चयन हेतु (तीन चक्रों में) अभ्यर्थियों से संस्थान का विकल्प लेने एवं अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये	दिनांक 20 जुलाई, 2026 से 10 अगस्त, 2026 तक

	विकल्प के क्रम में एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा संस्थान आवंटित करना तथा आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जॉच एवं प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किया जाना। **काउंसलिंग का प्रथम चरण (Phase-1)**	
8	काउंसलिंग के प्रथम चरण (Phase-1) के अन्तर्गत आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जॉच एवं प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किये जाने के क्रम में सम्बन्धित संस्थान द्वारा प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूचना वेबसाइट पर अपलोड किया जाना ।	दिनांक 12 अगस्त, 2026 तक
9	वर्गवार/श्रेणीवार मेरिट के क्रम में रिक्त सीटों के सापेक्ष चयन हेतु (प्रदेश के समस्त अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त, अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाना एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर, आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों को अनारक्षित सीटों पर परिवर्तित करते हुए कुल 03 चक्रों में) अभ्यर्थियों से संस्थान का विकल्प लिया जाना, संस्थान आवंटित करना तथा आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जॉच एवं प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किया जाना। **काउंसलिंग का द्वितीय चरण (Phase-2)**	दिनांक 20 अगस्त, 2026 से 10 सितम्बर, 2026 तक
10	द्वितीय चक्र में आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जॉच एवं प्रवेश की कार्यवाही करना तथा प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूचना वेबसाइट पर अपलोड किया जाना।	दिनांक 12 सितम्बर, 2026 तक
11	प्रशिक्षण प्रारम्भ	दिनांक 14 सितम्बर, 2026 से

कृपया तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
Digitally signed by
YATINDRA KUMAR
Date: 27-05-2026
17:44:08
(यतीन्द्र कुमार)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।

2- राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश सभी के लिए शिक्षा परियोजना, उ0प्र0 लखनऊ।

3- शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।

4- वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, उ0प्र0 लखनऊ।

5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ह0/-
शम्भू प्रसाद
उप सचिव।